## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक अब 21 मई को

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में होने वाली जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की तिथि में संशोधन किया गया है। अब यह बैठक गुरूवार 21 मई को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जाएगी। पहले यह बैठक शुक्रवार 15 मई को आयोजित होनी थी। बैठक के दौरान पुलिस, वन, खनिज, राजस्व, आदिम जाति कल्याण, जल संसाधन, परिवहन, पशुपालन और विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### अब वेयर हाउस में होगा गेहूं उपार्जन का कार्य

**कटनी।** रबी उपार्जन 2026-27 के तहत किसानों की सुविधा और स्थानीय मांग को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी ने आदेश जारी कर स्लीमनाबाद तहसील के जुजावल (कुआं) उपार्जन केंद्र के स्थल में परिवर्तन किया है। पूर्व में इस केंद्र को सलैया पटोरी स्थित साईलो बैग में स्थापित किया गया था। जिला उपार्जन समिति के नवीन निर्णय के बाद अब यहाँ के किसान अपनी उपज नृसिंह वेयर हाउस, जुजावल में बेच सकेंगे। यह केंद्र गोदाम स्तरीय होगा, जिससे स्थानीय किसानों को लंबी दूरी तय करने से राहत मिलेगी। कलेक्टर श्री तिवारी ने जुजावल केंद्र के प्रबंधक और केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि अगले 2 दिनों के भीतर उपार्जन से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि निर्धारित समयावधि में उपार्जन कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण किया जा सके।

### गाँव की बेटी योजना के लिये आवेदन आज तक

**कटनी।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए "गाँव की बेटी योजना" के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई है। ग्रामीण क्षेत्रों की मेधावी छात्रायें राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, वे छात्राएं भी आवेदन कर सकती हैं, जो अब तक इस योजना से वंचित रही हैं। योजना का लाभ लेने के लिए छात्रा को मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की मूल निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही 12वीं कक्षा गांव में रहकर, गांव की शाला से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। योजना के तहत सामान्य उच्च शिक्षा के लिए 5 हजार रूपये प्रतिवर्ष एवं तकनीकी, चिकित्सा एवं आयुष पाठ्यक्रमों के लिए 7 हजार 500 रूपये प्रतिवर्ष प्रदान किये जाते हैं। योजना की राशि कोषालय के माध्यम से सीधे छात्राओं के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है।

### 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन अब होगा और आसान

**कटनी।** जिला प्रशासन बच्चों के आधार पंजीयन को लेकर एक विशेष पहल शुरू करने जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अब जिले में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन और मोबाइल नंबर अपडेट करने का कार्य इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे ग्रामीण डाक सेवकों के साथ समन्वय कर आंगनवाड़ी स्तर पर आवश्यकतानुसार कैंप आयोजित करें। ताकि जिले के 0 से 5 वर्ष की आयु के शत-प्रतिशत बच्चों का आधार पंजीयन सुनिश्चित हो सके। इस नई व्यवस्था के तहत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के ग्रामीण डाक सेवक टैबलेट के माध्यम से बच्चों का निःशुल्क आधार पंजीयन करेंगे। इसके साथ ही, आधार में मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### छात्रावास परिसर में श्रमदान और पौधारोपण

**कटनी।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास, कैम्प कटनी में शनिवार 16 मई एवं रविवार 17 मई को सामूहिक श्रमदान, वृक्षारोपण और संपूर्ण स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कर्मचारियों से निर्धारित समय उपस्थित होने अपील की गई है।

## जिला पंचायत सीईओ ने ढीमरखेड़ा के दूरस्थ आधा दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचकर किया निरीक्षण

# निर्माण एवं विकास कार्यों की परखी गुणवत्ता कमियों पर जताई नाराजगी, दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने ढाई से तीन किलोमीटर पैदल चलकर विकासखंड ढीमरखेड़ा के दूरस्थ आधा दर्जन से अधिक गांवों में निर्माण एवं विकास कार्यों की नब्ज़ टटोली। इस दौरान उन्होंने ढीमरखेड़ा, कोठी, झिन्ना पिपरिया, भमका, खमतरा पहरुआ एवं अन्य गांव पहुंचकर, नवीन स्वीकृत जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य स्थल,गेहूं खरीदी केंद्र, जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत तालाब, डगवेल, आंगनवाड़ी भवन एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में लैब एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता को परखा और प्रगति की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने ढीमरखेड़ा मुख्यालय में 5 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन नवीन स्वीकृत जनपद पंचायत भवन की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने साइट सिलेक्शन की सराहना करते हुए ड्राइंग ,डिजाइन,एस्टीमेट एवं जानकारियां लीं।





उन्होंने कार्य स्थल पर श्रमिकों हेतु बुनियादी पर्याप्त एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद आयरन राड्स एवं अन्य सामग्री का बारीकी से मुआयना करते हुए दो टूक कहा कि उपयोग में लाने वाली सामग्री आईएसआई मान्यता प्राप्त प्रयुक्त की जाए।

### कांप्रेसिव टेस्टिंग मशीन

ढीमरखेड़ा में निर्माण कार्य स्थल के बाजू से प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने कंप्रेसिव टेस्टिंग मशीन सहित अन्य उपकरणों के विषय में विस्तार से जानकारी ली। CTM से कांक्रीट क्यूब की टेस्टिंग कराई गई एवं फील्ड लैब की फंक्शनिंग चेक की गई। सुश्री कौर ने साइट इंस्पेक्शन रजिस्टर में टिप लिखते हुए हस्ताक्षर किए। इस दौरान उन्होंने कार्य स्थल पर श्रमिकों की संख्या की जानकारी ली।

सीईओ सुश्री कौर ने झिन्ना पिपरिया के गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण करते हुए किसानों से संवाद किया। खरीदी केंद्र प्रभारी से गेहूं का स्टॉक, उठाव, स्लॉट बुकिंग, उपार्जित गेहूं , किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं शुद्ध पेयजल, छाया आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### बच्चों का हौसला बढ़ाया

जिला पंचायत सीईओ ने जनमन आंगनबाड़ी भवनों एवं मुर्गी पालन शेड का अवलोकन किया। आंगनबाड़ी भवन की प्रशंसा करते हुए मुर्गी पालन शेड निर्माण के संबंध में ग्राम पंचायत कोठी के सरपंच से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 45 मुर्गी का पालन शेड निर्माण कराया जाकर काम पूर्ण हो चुका है। इससे ग्राम वासियों को परिवार के पोषण हेतु आर्थिक सहायता मिल सकेगी। आंगनवाड़ी भवन में सुश्री कौर ने छोटे-छोटे बच्चों से छोटे-छोटे सवाल कर उनका हौसला बढ़ाया।

सुश्री कौर ने जल संरचनाओं के निर्माण में स्थल चयन, तकनीकी मानकों का पालन, नियत समय में कार्यों की गुणवत्ता के साथ पूर्णता एवं अधिक से अधिक जनोपयोगी बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने तालाब का निरीक्षण कर नाराजगी जताते हुए साफ तौर पर कहा कि बारिश का पानी जल संरचनाओं में इकट्ठा होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने डगवेल और खेत तालाब के कार्यों को भी देखा।

औचक निरीक्षण करते हुए जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने पहरुआ में 123 लाख की लागत से निर्माणधीन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन नग लैब एवं चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की प्रगति को देखा। उन्होंने पीआईयू के अधिकारियों से काफी देर तक बात कर जानकारी ली।

### किसानों को मिलेगी 25 हजार रूपये की राशि

**कटनी।** ₹सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन₹ (आत्मा) योजना के तहत वर्ष 2025-26 की गतिविधियों के आधार पर जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई है। यह पुरस्कार कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी जैसे क्षेत्रों में नवाचार करने वाले किसानों को दिया जाएगा। परियोजना संचालक ₹आत्मा₹ ने बताया कि किसानों को उनकी तकनीक, उपज और उत्पादकता के आधार पर मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी और कृषि अभियांत्रिकी जैसी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक-एक कृषक को 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। वहीं विकासखण्ड स्तरीय पुरस्कार के तहत जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से विभिन्न गतिविधियों के लिए चयनित एक-एक कृषक को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इच्छुक किसान अपने क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (ग्रामसेवक), बी.टी.एम. या ए.टी.एम. से संपर्क कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त कर कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

## पुलिसिया प्रताड़ना के विरोध में बसपा ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर में में बीते अप्रैल माह में बारात के दौरान हुई मारपीट और पुलिस प्रताड़ना के विरोध में गुरुवार को बसपा प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और पीड़ित परिजनों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई। सौंपे गये ज्ञापन के अनुसार 20 अप्रैल को इंदिरा नगर में अनुसूचित जाति की बारात के दौरान एएसआई सिद्धार्थ राय और एएसआई सौरभ सोनी ने कथित तौर पर शराब के नशे में बारातियों के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्रता की। विवाद बढ़ने पर पुलिसकर्मियों और कुछ असामाजिक तत्वों ने खाना खा रहे बारातियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान शादी का खाना भी फेंक दिया गया।



पुलिसिया कार्रवाई और हमले में दुल्हन की मां का हाथ फ्रैक्चर हो गया है, जबकि दूल्हा-दुल्हन सहित कई अन्य बाराती घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि पुलिस ने बिना महिला बल के दुल्हन को हिरासत में लेकर 'हाउस अरेस्ट' किया। इसके अलावा दूल्हे और दुल्हन के भाई को किसी अज्ञात स्थान पर ले जाकर प्रताड़ित करने के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

बसपा ने राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में एएसआई सिद्धार्थ राय, सौरभ सोनी एवं अन्य संलिप्त पुलिसकर्मियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर उन्हें निलंबित करने की मांग की है। साथ ही पीड़ित पक्ष पर दर्ज की गई कथित फर्जी एफआईआर को वापस लेने और वीडियो फुटेज के आधार पर हमलावर बाहरी तत्वों की गिरफ्तारी की मांग उठाई गई है।

### प्रदेशव्यापी आंदोलन

डिप्टी कलेक्टर ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दूसरी ओर, बसपा पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों पर मामला दर्ज नहीं किया गया, तो प्रदेश व्यापी उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति समाज के लोग और बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये समर कैम्प का आयोजन



गर्मी की छुट्टियों को उपयोगी एवं रचनात्मक बनाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से पुलिस लाइन कटनी में एक माह का विशेष समर कैंप 'आरोह 2026' प्रारंभ किया गया है। यह शिविर 5 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। जिला पुलिस एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समर कैंप में बच्चों को विभिन्न खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही ब्राइटर माइंड क्लासेस के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व विकास, मानसिक क्षमता वृद्धि और आत्मविश्वास निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कैंप की व्यवस्थाओं की देखरेख जिला खेल अधिकारी सुनीता यादव, रक्षित निरीक्षक संध्या सिंह एवं पुलिस स्टाफ द्वारा की जा रही है। वहीं खेल विभाग की श्रद्धा पांडे के नेतृत्व में बच्चों को खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।समर कैंप में बड़ी संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। पुलिस लाइन मैदान में बच्चों की सक्रिय भागीदारी से यह शिविर सीखने, मनोरंजन और आत्मविकास का प्रभावी मंच बन गया है। खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास जैसे जीवन मूल्यों का विकास किया जा रहा है।

## अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

ढीमरखेड़ा पुलिस ने थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में 15 अलग अलग ठिकानों पर दबिश देकर अवैध शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार आरोपी श्रीलाल यादव पिता पांडूराम यादव निवासी महगंवा के कब्जे से 17 पाव प्लेन शराब, राजभान पिता विष्णु यादव निवासी महगंवा के कब्जे से 21 पाव देसी प्लेन शराब, शंकर लाल पिता स्व. रामसेवक राय निवासी इमलई के कब्जे से 16 पाव देसी प्लेन शराब, सुहाग बाई पति दनुज बर्मन मुरवारी के कब्जे से 12 पाव देसी प्लेन 06 पाव लाल मसाला शराब, सौरभ पिता रमेश लोधी दशरमन के कब्जे से 14 बाटल बीयर 11 पाव देसी प्लेन शराब, पूनम पति ऋषभ जैन कछारगांव के कब्जे से 18 बीयर, मध्धू पिता दईया कुम्हार दशरमन के कब्जे से 15 बीयर, राकेश पिता रामदीन लोधी ठिर्री के कब्जे से 45 पाव लाल मसाला, किस्सू उर्फ कृष्ण कुमार पटेल झिन्नापिपिरिया के कब्जे से 22 पाव देसी प्लेन शराब, बालगोविंद पिता राजकुमार पटेल मुरवारी के कब्जे से 101 पाव देसी लाल प्लेन शराब,



ओमप्रकाश पिता कौशल मिश्रा अत्तरसूमा के कब्जे से 18 पाव देसी प्लेन शराब, सोमनाथ पिता जगन्नाथ पटेल के कब्जे से 16 पाव देसी प्लेन शराब, संजय पिता तोताराम वंशकार ढीमरखेडा के कब्जे से 6 लीटर कच्ची शराब, राजभान पिता विष्णु यादव महगंवा के कब्जे से 15 पाव देसी प्लेन शराब, दुर्गा बाई पति मिथलेश बर्मन देवरी के कब्जे से 15 पाव मसाला 10 पाव देसी प्लेन शराब, सुधा बाई पति मणिशंकर लोधी सनकुई के कब्जे से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्यावाही उपरांत न्यायालय पेश किया गया है।

### लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में खाद्य इकाईयों पर प्रशासन ने की कार्रवाई

## कंपनी में मिली गंदगी एवं खामियों पर लाइसेंस निलंबित की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वाली औद्योगिक इकाईयों का औचक निरीक्षण कर मिलावटी एवं गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने औद्योगिक क्षेत्र लमतरा स्थित खाद्य इकाइयों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम को महावीर ट्रेडिंग कंपनी में सरसों, जो मसालों में उपयोग होती है, को फिल्टर कर बोरों में पैक कर बाजार में विक्रय किए जाने की जानकारी मिली। वहीं खाद्य पदार्थों का प्रोसेसिंग और स्टोरेज अत्यंत गंदगी व अस्वस्थ्यकर परिस्थितियों में पाया गया। इसके अलावा सरसों के फिल्टर किए गए वेस्ट से तेल निकालकर एक टैंक में संग्रहित किया गया था, जिसका सैंपल मांगने पर संचालकों द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया।



कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री संचालक मौके पर मौजूद नहीं मिले और सूचना देने के बाद भी उपस्थित नहीं हुए। प्रभारी द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट तथा खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की जा सकी। टीम ने मौके से सरसों के दो सैंपल लेकर जांच हेतु राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए हैं। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुये फैक्ट्री का लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इसी क्रम में लमतरा स्थित क्षितिज फूड मसाला फैक्ट्री में भी निरीक्षण कर धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह पूरी कार्रवाई तहसीलदार आकाश नीरज की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी एवं नियमों के उल्लंघन के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### पंचायत सचिव–जीआरएस संघ ने कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

## ढीमरखेड़ा सीईओ के पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, ज्ञापन सौंप जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक संघ द्वारा सामूहिक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपते हुए जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी पर भ्रष्टाचार, दबाव की राजनीति, अमानवीय व्यवहार और अवैध वसूली जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन जिला कलेक्टर कटनी सहित मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, जिला पंचायत सीईओ और क्षेत्रीय विधायक को भी भेजा गया है। सौंपे गए इस ज्ञापन में पंचायत सचिवों और जीआरएस कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में पदस्थ सीईओ द्वारा कर्मचारियों के साथ तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी समस्याओं को सुनने के बजाय दबाव बनाकर कार्य कराया जाता है और विरोध करने वालों को प्रताड़ित करने की कोशिश होती है।

संघ के अनुसार ग्राम पंचायतों में हुए निर्माण कार्यों के सामग्री भुगतान के लिए कथित रूप से "चहेते वेंडरों" के माध्यम से बिल लगवाए जाते हैं और कुल भुगतान राशि का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा वसूला जाता है। कर्मचारियों का आरोप है कि स्थानीय स्तर पर सामग्री खरीदने के बावजूद सांठगांठ कर बाहरी बिलों को प्राथमिकता दी जाती है। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं तो यह न केवल पंचायत व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, बल्कि ग्रामीण विकास योजनाओं की पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

संघ ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित "हर घर जल योजना" में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया है। ज्ञापन के मुताबिक, संबंधित पंचायतों पर दबाव बनाकर योजना हस्तांतरण के नाम पर 3 हजार से 5 हजार रुपये तक की राशि वसूले जाने की बात कही गई है।पंचायत कर्मचारियों का कहना है कि योजनाओं के संचालन में प्रशासनिक सहयोग के बजाय आर्थिक दबाव बनाया जाता है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

### बाजार मूल्य से तीन गुना खरीदी

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ ग्राम पंचायतों में कचरा गाड़ी और वाटर कूलर जैसी सामग्री बाजार मूल्य से तीन गुना तक अधिक दर पर खरीदी गई। आरोप है कि यह खरीदारी कथित रूप से दबाव बनाकर कराई गई और इससे कुछ लोगों को व्यक्तिगत लाभ पहुंचा। यदि इस प्रकार की खरीद में अनियमितता हुई है तो यह सीधे तौर पर सरकारी धन के दुरुपयोग की श्रेणी में आएगा। ऐसे मामलों में वित्तीय जांच और तकनीकी परीक्षण आवश्यक माने जाते हैं।

ज्ञापन में पंचायत सचिव एवं जीआरएस संघ ने यह भी आरोप लगाया कि जब संघ पदाधिकारी कर्मचारियों की समस्याएं उठाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई या फंसाने की कोशिश की जाती है।कर्मचारियों का आरोप है कि भय का माहौल बनाकर विरोध की आवाज दबाने का प्रयास किया जाता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कर्मचारियों को आपस में बांटने और "फूट डालो" जैसी नीति अपनाई जा रही है, जिससे संगठनात्मक एकता प्रभावित हो रही है।

### कई पंचायत कर्मचारियों के हस्ताक्षर भी किये संलग्न

ज्ञापन के साथ बड़ी संख्या में पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों के हस्ताक्षर भी संलग्न किए गए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि मामला केवल व्यक्तिगत शिकायत तक सीमित नहीं है, बल्कि कर्मचारियों का एक वर्ग सामूहिक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर कर रहा है।

## डेंगू से बचाव के लिये स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाईजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर ने 11वें राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डेंगू से बचाव हेतु एडवाईजरी जारी की है। 11वां राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई को मनाया जाएगा। इस वर्ष अभियान की थीम ₹डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारीः जांच करें, सफाई करें और ढकें₹ रखी गई है।

सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो साफ पानी में पनपता है। इससे बचाव के लिए सप्ताह में एक दिन 'सूखा दिन' मनाएं और कूलर का पानी हर 3-4 दिन में बदलें। पुराने टायर, बर्तन या कबाड़ में पानी जमा न होने दें। पानी की टंकियों और पात्रों को हमेशा ढककर रखें। मच्छरदानी का प्रयोग करें और शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें। डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर सरकारी अस्पताल में डेंगू की जांच करायें।

### डेंगू के लक्षण और उपचार

सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने डेंगू के लक्षणों के प्रति सचेत करते हुये बताया कि डेंगू में तेज बुखार, आंखों में दर्द, मांसपेशियों व सिर में तेज दर्द, त्वचा पर चकत्ते और मसूड़ों या नाक से खून आना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा न लें, बुखार के लिए साधारण पेरासिटामोल का उपयोग करें। पर्याप्त तरल पदार्थों का सेवन करें और एक सप्ताह तक पूर्ण आराम करें। डेंगू से ग्रसित मरीज दिन में भी मच्छरदानी लगाकर सोयें।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के लिये विशेष अभियान

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कटनी नगर में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम कटनी द्वारा शहर के विभिन्न जल स्त्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण हेतु लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम प्रशासन द्वारा गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में शनि मंदिर के पास स्थित तालाब के बाहर आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर जल संवर्धन एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान तालाब के आसपास फैली गंदगी, गाजर घास, झाड़ी एवं ठोस अपशिष्ट को हटाकर क्षेत्र की साफ-सफाई के प्रयास किए गए। साथ ही जल स्त्रोत की स्वच्छता बनाए रखने एवं जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने का संदेश भी दिया गया। तालाब परिसर के चारों ओर की सफाई का यह कार्य अनवरत रूप से जारी रहेगा। निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि जल स्त्रोतों को संरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि वर्षा जल संचयन एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छता को बढ़ावा मिल सके।

### सड़क हादसे में एक की मौत, 9 हुये घायल

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कछारी पेट्रोल पंप के पास नहर पुलिया पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। जानकारी अनुसार मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 MJ 9986 के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। बाइक सवार रणबहादुर सिंह गोंड 24 वर्ष, निवासी बड़ागांव की मृत्यु हो गई। इस हादसे में टिल्लू सिंह गोंड गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका उपचार अस्पताल में जारी है। इसी तरह माधवनगर थाना क्षेत्र के बिलहरी रोड के पास कार क्रमांक MP 21 CA 5873 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सवार कुल 9 लोग घायल हुए हैं। कार चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार सड़क किनारे जा पलटी।

### जलस्त्रोत के आसपास चलाया सफाई अभियान

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम कटनी द्वारा शहर के विभिन्न जल स्त्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण हेतु लगातार कार्य किए जा रहे हैं। गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में शनि मंदिर के पास स्थित तालाब के बाहर आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर जल संवर्धन एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान तालाब के आसपास फैली गंदगी, गाजर घास, झाड़ी एवं ठोस अपशिष्ट को हटाकर क्षेत्र की साफ-सफाई के प्रयास किए गए। साथ ही जल स्त्रोत की स्वच्छता बनाए रखने एवं जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने का संदेश भी दिया गया। तालाब परिसर के चारों ओर की सफाई का यह कार्य अनवरत रूप से जारी रहेगा। निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि जल स्त्रोतों को संरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि वर्षा जल संचयन एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छता को बढ़ावा मिल सके। अभियान में स्वच्छता अमले एवं स्वास्थ्य शाखा संबंधित विभागीय कर्मचारियों की सहभागिता रही।

## ग्रामीण अंचलों में जलस्तर में गिरावट एवं बिजली की समस्या से बढ़ा सिरदर्द

# आग की लपटों सी चुभ रही सूर्य किरणें सितम ढा रही गर्मी, दोपहर में सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गर्मी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। बीते दिनो आंधी तूफान और बारिश होने के बाद कुछ दिन की राहत के बाद अब धूप तल्ख हो चुका है तो लू के थपेड़े शरीर को बेध रहे हैं। मौसम का अभी तल्ख तेवर देख आशंका जताई जा रही है आने वाला समय खास मुश्किल भरा हो सकता है। चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है। सूर्य देवता आग उगल रहे है। पंखे में रात काटना मुश्किल हो गया है। मध्यम वर्गीय परिवार को कूलर से ही थोड़ी राहत मिल रही है। गर्मी के साथ ही कूलर बाजार गर्म होने लगा है। इसके साथ ही ब्राडेड की आड़ में लोकल कूलरों ने बाजार पर कब्जा जमा रखा है। भीषण गर्मी में शीतल पेयों की मांग बढ़ गई है। गन्ना का रस, लस्सी, मठा, नींबू पानी, नारियल पानी सहित जल जीरा जैसे शरीर को शीतलता प्रदान करने वाले पेयों की दुकानों एवं ठेलों में लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

### दोपहर में अधिक परेशानी

गर्म हवाओं के चलने से तापमान बढ़ने लगा है। सुबह 10 बजे के बाद से ही तेज धूप चुभने लगती हैं। 12 बजे के बाद धूप की तपिश काफी बढ़ जाती है। भले ही उमस भरी गर्मी अभी शुरू नहीं हुई है, फिर भी छांव में बैठने पर भी तपिश महसूस की जा रही थी। भीषण गर्मी तो अभी आने वाली है लोगों को अभी करीब दो महीने तक गर्मी से छुटकारा मिलने के आसार नहीं दिख रहे है। तेज धूप और उसम के कारण लोग अपने घरों में कैद रहते हैं। दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। रोजमर्रा से कार्य के लिए निकलने वाले लोग घरों से छतरी व गमछा बांधकर निकलते हैं। गर्मी के कारण लोग बुरी तरह से बेहाल हैं। बिजली कटौती से भी लोग परेशान नजर आ रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौसम की मार अभी और बढ़ सकती है।

### बिजली-पानी की समस्या

पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी एवं गर्म हवाओं से लोग बेहाल हैं। वहीं बिजली, पानी की किल्लत भी लोगों को परेशान किए है। जिले भर में अधिकांश तालाब सूख चले हैं। कई इलाकों में हैंडपंप जवाब देने लगे हैं। कई ग्रामों के लोग पीने के पानी के लिए सार्वजनिक हैंडपंपों पर ही आश्रित हैं। गर्म हवाओं ने लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल कर दिया है।

### खानपान पर रखें संयम

चिकित्सकों के अनुसार भीषण गर्मी में खानपान को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। शरीर से अत्यधिक मात्रा में पसीना निकलने से जहा डीहाइड्रेशन की समस्या परेशान करती है, वहीं गंदगी भी कई बीमारियों की वजह बनती है। ऐसे में खाने-पीने का खास खयाल रखा जाए तो शरीर कमजोर होने और बीमारी की आशका काफी कम हो जाती है। दूसरी तरफ खाने-पीने में लापरवाही और कुछ अन्य जरूरी बातों का ध्यान न रखने पर मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस मौसम में शरीर में पानी का स्तर ठीक रखना बेहद जरूरी है। ऐसे पेय पदार्थो से बचें, जो पेट में गैस पैदा करते हैं। मौसमी फलों को ज्यादा तरजीह दें।

# कबाड़ दुकानें शिफ्ट करने नहीं हो रहे कारगर प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के लगभग हर रिहायशी क्षेत्र में कबाड़ की दुकाने संचालित होती देखी जा सकती है। कही खाली स्पेस में दुकाने है तो कही आसपास की अन्य दुकानों के साथ ही कबाड़ की दुकाने चल रही है। कबाड़ दुकानों में कई बार आग लगने की खबरे आम हो चुकी है। वही हर वक्त अंदेशा बना रहता है। इन्ही कारणों को लेकिन प्रशासन द्वारा कबाड़ व्यवसाय के शहर के बाहर आवासीय क्षेत्र में शिफ्ट किये जाने की योजना तैयार की गई है लेकिन जल्द ही इस पर तय कार्ययोजना के बावजूद अमल होता नही दिख रहा है। गौरतलब है कि बीच शहर और मुख्य मार्गो में संचालित कबाड़ की दुकानों को एक स्थान पर व्यवस्थित करने की योजना पर अभी तक काम शुरू नही हो पाया है।

शहर के मिशन चौक, आजाद चौक, बरगंवा, बस स्टैंड क्षेत्र में संचालित दुकानों को पहरूआ बायपास के पास शिफ्ट किया जाना है। इसे निगम ने अपनी योजना में शामिल किया था लेकिन प्रस्तावित योजना पर अभी तक काम आगे नही बढ़ पाया है। कबाड़ की दुकानों में पेपर, पुटटा, प्लास्टिक आदि के होने से गर्मी व अन्य समय में भी अग्निदुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

शहर में आधा सैकड़ा के लगभग कबाड़ की दुकाने है। इनके लिये दो हेक्यटर का क्षेत्र पहरूआ के पास प्रस्तावित है। घनी आबादी में संचालित होने के कारण बस्ती में भी खतरा बना रहता है। माधवनगर क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व आग भड़की थी। उस दौरान संचालित कबाड़ की दुकान से ही आग भड़क गई थी। शहर में रोजाना लाखों का कबाड़ व्यापार होता है। प्लास्टिक सहित लोहा व अन्य सामग्री रिसाइलिंग होने के लिये जबलपुर, दिल्ली, मुजफपुर, भोपाल सहित अन्य शहरो को भेजा जाता हैं। दुकानों के अलावा सैकड़ो ठेले वाले भी कबाड़ एकत्र कर बड़ी दुकानों तक सामान पहुंचाते है।

### गर्मी में अधिक खतरा

दुकानों के बस्ती में संचालन से आग के खतरे की आशंका और बढ़ जाती है। यही परेशानी की बात है। बरगवां से लेकर मिशन चौक, बस स्टैड सहित अन्य स्थानों में कबाड़ का कारोबार नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा महज निर्माण सामग्री को सड़क में फैलाने पर ही कार्यवाही की जा रही है।

## योजना के संचालन के लिये अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह की तिथियां तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत जिले में सामूहिक विवाह एवं निकाह कार्यक्रमों की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने योजना के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### इन तिथियों पर होंगे आयोजन

जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम कटनी, जनपद पंचायत बहोरीबंद एवं नगर परिषद बरही में देवउठनी ग्यारस के अवसर पर शुक्रवार 20 नवम्बर को आयोजन होगा। इसके लिये आवेदन की अंतिम तिथि 5 नवंबर है।

इसी प्रकार जनपद पंचायत



कटनी, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, नगर परिषद कैमोर एवं नगर परिषद विजयराघवगढ़ में शनिवार 12 दिसम्बर को सामूहिक विवाह संपन्न होंगे। इसके लिये आवेदन की अंतिम तिथि 28 नवंबर है। वहीं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जनपद पंचायत रीठी एवं जनपद पंचायत बड़वारा में गुरूवार 11 फरवरी 2027 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिये आवेदन की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2027 है।

### पात्रता और आवेदन प्रक्रिया

योजना का लाभ केवल उन जोड़ों को मिलेगा जो गरीबी रेखा के अंतर्गत आते हैं तथा जिनका सत्यापन बीपीएल पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज हो। प्रत्येक आयोजन में न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। निर्धारित तिथि से 15 दिन पूर्व वर-वधू या उनके माता-पिता द्वारा संयुक्त रूप से आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन प्राप्त होते ही उसे ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा और आवेदक को पावती दी जाएगी। ई-केवाईसी या समग्र जानकारी में त्रुटि होने पर आवेदन तत्काल वापस कर सूचित किया जाएगा। योजना के तहत 49 हजार रुपये की राशि सीधे कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी।

### जांच और पारदर्शिता के निर्देश

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवेदन जांच के दौरान वधू के पड़ोसियों का पंचनामा एवं सरपंच के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे। आयुक्त के प्रतिनिधि तथा सीईओ एवं सीएमओ द्वारा रेंडम जांच की जाएगी। सभी आवेदनों की पात्रता जांच विवाह तिथि से 7 दिन पहले पूरी करना सुनिश्चित किया जाएगा। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं और सक्षम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## आवारा मवेशियों को पकड़ने हांका टीम ने की कार्रवाई



निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम आवागमन की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न मार्गो मे अभियान चलाकर घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण हेतु उन्हे पकड़ने एवं व्यवस्थित प्रबंधन की कार्यवाही की जा रही है, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रही है तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी की समस्या पर नियंत्रण लगाने में सफलता भी मिल रहीं है। नगर में मच्छर जनित बीमारियों के संभावित प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण एवं नागरिकों के स्वास्थ्य संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा विशेष फॉगिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। आबादी वाले क्षेत्रों, मुख्य मार्गो एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष रूप से फॉगिंग कर मच्छरों के प्रसार को रोकने के प्रयास किए गए। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से भी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, पानी जमा न होने देने एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने की अपील की गई है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।

# उपज में कमियां बताकर रिजेक्ट करने की आड़ में किसानों से अवैध वसूली के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गेहूं उपार्जन केन्द्रों में किसानों के साथ खुली लूट की जा रही है लेकिन प्रशासनिक स्तर पर जांच एवं कार्यवाही नहीं होने से सब कुछ मनमानी पूर्वक चल रहा है। अनाज में कचरा बताकर किसानों का माल रिजेक्ट करने की आड़ में बड़ी धनराशि वसूली जा रही है। जैसे ही किसान अपना अनाज लेकर केंद्रीय विपणन केंद्र पहुँचता है उसके अनाज में कचरा इत्यादि बताकर उसे तंग किया जाता है। दिन दिन भर इंतजार कराया जाता है। शाम को जब वह निराश होकर घर वापस जाने का मन बना लेता है तो उससे रुपये ऐंठकर अनाज पास कर दिया जाता है। ऐसा ही एक किसान शशिकांत पटेल अपना अनाज



लेकर मंडी पहुँचा जहाँ उसे इसी प्रकार की समस्यायों का दिनभर सामना करना पड़ा। जब शाम हुई तो गेहूँ पास करने के लिए सर्वेयर ने 700 रुपये, सिलाई के 100 रुपये, बोरियों की गिनती करने के 100 रुपये ,कम्प्यूटर ऑपरेटर के 200 रुपये और अंत में कट्टा बनाने के नाम पर 50 रुपये प्रति क्विंटल ऐंठे गए। किसान ने कुल 137 क्विंटल अनाज की बिक्री की। इस प्रकार एक किसान से 6875 रुपये लिए गए। अपनी इस शिकायत को लेकर शशिकांत पटेल ने कलेक्टर से लिखित में शिकायत की है। उसने खरीदी प्रबंधक सुधीर शुक्ला, खरीदी केंद्र प्रभारी प्रसन्न तिवारी, राशि लेने वाले कर्मचारी रिंकू कनकने और लालू निषाद की लिखित शिकायत की है।

किसान ने कलेक्टर को दिए गए आवेदन के माध्यम से माँग की है कि CCTV की जाँच की जाए और पैसे लेने वाले अधिकारी,कमर्चारियों को बर्खास्त किया जाए। साथ ही साथ ऐंठी गई राशि को वापस दिलवाने की भी कलेक्टर से गुहार लगाई है। कलेक्टर को आवेदन देते समय भारतीय मज़दूर संघ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल, एडवोकेट लखन साहू उपस्थित रहे।

## कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी नहीं गिराये जर्जर भवन

# समय सीमा बीत जाने के बाद जर्जर भवनों को ढहाने नगर निगम ने शुरू की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जन सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावनाओ को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है। नगर निगम की टीम द्वारा गुरुवार प्रातः बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित एक जर्जर एवं मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन के खतरनाक हिस्से को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

कालोनी सेल प्रभारी एवं कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बी.डी. अग्रवाल वार्ड स्थित उक्त भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में था तथा भवन के नीचे व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने के कारण क्षेत्र में दुर्घटना की आशंका



बनी हुई थी। इस संबंध में निगम प्रशासन द्वारा संबंधित भवन स्वामी को पांच बार नोटिस जारी कर व्यावसायिक गतिविधियां बंद करते हुए जर्जर हिस्से को हटाने के निर्देश दिए गए थे। अंतिम नोटिस की निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के बाद जनहित एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा कटर मशीन एवं कर्मचारियों की सहायता से भवन के खतरनाक हिस्से को सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। गली संकरी होने के कारण यह कार्यवाही मैनुअल रूप से श्रमिकों द्वारा की जा रही है।

कार्यवाही के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है तथा आसपास के क्षेत्र में आवश्यक सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा या जोखिम का सामना न करना पड़े।

### स्वेच्छा से हटाये जर्जर भवन

नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर एवं खतरनाक भवनों के संबंध में नोटिस जारी कर की गई कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी एक भवन स्वामी स्वयं आगे आकर अपने जर्जर भवनों को स्वेच्छा से हटाने की कार्रवाई कर प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। इस पहल से न केवल संभावित दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी, बल्कि नागरिकों के बीच सुरक्षा एवं जागरूकता का सकारात्मक संदेश भी प्रसारित हो रहा है।

## जाकिर हुसैन वार्ड में विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

# विकास कार्यों से दूर होंगी समस्याएं, जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर को सुंदर, आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त बनाने के संकल्प के साथ नगर निगम ने विकास का एक नया अध्याय लिखा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा संजीव तिवारी एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की विशेष मौजूदगी में डॉ जाकिर हुसैन वार्ड के नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने हेतु लगभग 12 लाख की लागत से बनने वाले आधुनिक नाले का भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह प्रोजेक्ट न केवल वार्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर को एक नई मजबूती देगा, बल्कि आने वाले समय में यहाँ के निवासियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और खुशहाल वातावरण का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन वार्ड स्थित प्रसिद्ध दुर्गा देवी मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद वार्ड के वरिष्ठजन अशोक शर्मा एवं सुभाष गर्ग के करकमलों से विधि-विधान पूर्वक और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्य संपन्न कराया गया।

### विकास और मूलभूत सुविधाएं ही प्राथमिकता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बेहतर जल निकासी व्यवस्था नागरिक सुविधाओं से सीधे जुड़ा हुआ विषय है। इस नाला निर्माण कार्य के पूर्ण



होने से क्षेत्रवासियों को विशेषकर वर्षा ऋतु में होने वाली जलभराव की समस्याओं से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा संजय तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि वार्डवासियों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी। जनता की परेशानी को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दिलाई गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राजीव गांधी वार्ड के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए उनके प्रयास आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों द्वारा महापौर श्रीमती सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसी दौरान एक बेहद भावनात्मक एवं आत्मीय दृश्य देखने को मिला, जब महापौर श्रीमती सूरी ने वार्ड की बुजुर्ग महिलाओं को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के उपरांत महापौर श्रीमती सूरी एवं अन्य जनप्रतिनिधि श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड स्थित श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान के दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अपराधियों की नकेल कसने करें सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने थानों का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिये। दूसरी ओर नेशनल हाईवे पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए NHAI अधिकारियों के साथ व्यवस्थाएं अधिक दुरूस्त करने निर्देश दिये। पुलिस कप्तान ने उमरियापान और स्लीमनाबाद थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने हवालात, मालखाना, सीसीटी एनएस कक्ष और अपराध रजिस्टरों की बारीकी से जांच की। कप्तान ने स्पष्ट किया कि थाने आने वाले हर फरियादी की बात संवेदनशीलता से सुनी जाए। शिकायतों का त्वरित निराकरण पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। में महिला हेल्प डेस्क के कामकाज का अवलोकन किया गया और महिला व बाल अपराधों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने के निर्देश



दिए गए। डायल-112 के रिस्पॉन्स टाइम को सुधारने और रात में गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही ताकि सक्रिय अपराधियों पर नकेल कसी जा सके।

इसी तरह जिले में सड़क हादसों के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पीर बाबा बायपास नेशनल हाईवे का मौका मुआयना किया। यहाँ डायवर्जन पॉइंट पर भ्रम की स्थिति के कारण अक्सर हादसे होते हैं। मौके पर मौजूद नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को एसपी ने टूटे हुए डायवर्जेंट पोल और खराब लाइटों को तत्काल दुरुस्त करने को कहा। साथ ही नए सांकेतिक चिन्ह और डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। बायपास के पास जिन दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है, उन्हें तत्काल हटाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। यातायात पुलिस और झिंझरी चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ निरंतर चालानी कार्रवाई की जाए।

खबर संक्षेप

## बाल श्रम रोकने की गई कार्यवाही

**दमोह।** चाईल्ड लाइन दिल्लीन से प्राप्त जानकारी अनुसार अहमदाबाद अंत्योहदय एक्सरप्रेस (15559) में दरंभगा से अहमदबाद लगभग 70-80 बच्चे बाल श्रम हेतु ले जाये जाने की सूचना कार्यालय को प्राप्तन हुई थी। जिसमें त्वयरित कार्यवाही करते हुये संयुक्त) टीम द्वारा यथा श्रम विभाग, कोतवाली थाना प्रभारी, आरपीएफ थाना प्रभारी, सी. डब्यूमें . सी., महिला एवं बाल विकास एवं चाईल्डस लाइन के सदस्यों ने रेल्वे स्टेदशन दमोह में कार्यवाही करते हुये संदिग्ध बोगियों में चढ़कर संभावित बाल श्रमिकों की जांच कर बाल श्रमिक होने की संभावना की पुष्टि की जिसमें कोई बालक 14 वर्ष से कम का नहीं पाया गया, जिसकी पुष्टि संभावित किशोरों के आधार कार्ड एवं परिजनों से चर्चा कर की गई। संयुक्तक कार्यवाही के दौरान श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक वैभव निखिल मार्टिन पुलिस विभाग से मनीष कुमार कोतवाली टी.आई., सी.डब्यूईल सी से श्रीमति रश्मि वर्मा, आरपीएफ से अनिल यादव, अखिलेश चौबे बाल संरक्षण अधिकारी एवं अन्यक टीम के सदस्यम उपस्थित रहे।

## अर्जित जैन ने 92 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया मान

**दमोह।** सीबीएसई द्वारा जारी परीक्षा परिणामों में विकास जैन शिक्षक के छोटे बेटे अर्जित जैन ने कक्षा 12वीं कमर्स संकाय से 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता पर उन्हे मित्रों व परिजनों ने बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व स्कूल के शिक्षिक शिक्षिकाओं को दिया।



### सालभर मेंटेनेंस फिर भी स्थिति जस की तस, व्यवस्था सुधारने में नाकाम विभाग

# भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

भीषण गर्मी के बीच शहरवासियों को बिजली कटौती की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। हालात ऐसे हैं कि जरा सी आंधी या तेज हवा चलते ही बिजली कंपनी कंट्रोल रूम से शहर की बिजली घंटों के लिए गुल हो जाती है। हैरानी की बात यह है कि बिजली कंपनी द्वारा सालभर मेंटेनेंस, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग, केबल विस्तार और पेड़ों की कटाई-छंटाई जैसे काम करने के बावजूद बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। लगातार हो रही ट्रिपिंग और बार-बार बिजली बंद होने से लोग परेशान हैं। शहर में इन दिनों तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में कूलर, एसी और पंखों पर लोगों की निर्भरता बढ़ गई है। लेकिन कम वोल्टेज और बार-बार बिजली बंद होने से राहत नहीं मिल पा रही। हालात इतने बदतर हैं के लोग घरों के भीतर चैन की नींद सोने के बजे सड़कों पर बैठकर रात काटने मजबूर हैं। नगर के लोगों का आरोप है कि जब से बिजली विभाग में अघोषित कटौती की है समस्या अधिक बढ़ गई है भीषण गर्मी में कूलर पंखे न चलने से लोग परेशान है और पानी भी नहीं भर पा रहे हैं ऐसे में बिजली अधिकारियों को फोन लगाकर पूछते हैं तो अधिकांश फोन ही नहीं उठाते जिससे लोग अपनी समस्याएं किसको कहें। जागरूक लोग सोशल मीडिया पर एक दूसरे से वार्तालाप कर अपनी भड़ास निकाल लेते हैं।

बिजली के बिल तो समय पर चाहिए लेकिन 24 घंटे बिजली देने में परहेज क्यों, जो सरकारी भवन एवं कार्यालयों में लाखों रुपए बिजली बिल बकाया रहते है उनकी बिजली कभी नहीं काटी जाती जो समय पर बिल जमा करते है उनको ही अधिक समस्या उठानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों की तो रीडिंग लेने भी नहीं जाते और न ही हर महीने बिल देते है ऐसे में उनकी बिजली क्यों नहीं काटी जाती है ये कहा का इंसाफ है। जिम्मेदार अधिकारी को हरिभूमि संवाददाता द्वारा कई बार फोन लगाए लेकिन फोन ही नहीं उठाते है तो आम नागरिक को कितनी समस्या होती होगी।

## भीषण गर्मी में नहीं किया बंद पड़े हेडपंपों का सुधार

### पीने के पानी को तरस रहे ग्रामीण



**गैसाबाद।** ग्राम में कागजों पर तो सैकडों हेडपंप लगे हुए हैं समय-समय पर उनके सुधार कार्य पर बजट भी खर्च होता रहता है लेकिन धरातल पर कितने हेडपंप चालू हालत में है और कितने बंद पड़े हुए हैं। यह देखने की फुर्सत पीएचई विभाग को नहीं है प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम गैसाबाद में कागजी रिकॉर्ड पर तो करीबन सैकड़ा भर हेडपंप लगे हुए हैं लेकिन चालू हालत में सिर्फ दो चार ही हैं। बाकी के हेडपंप कई महीनो से बंद पड़े हुए हैं जिन्हें ठीक कराने की जहमत पीएचई विभाग द्वारा नहीं उठाई जा रही है। हेडपंप खराब होने से एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित की गई घर-घर नल जल योजना वाले नलों में भी डेली पानी नहीं आने से ग्रामीण जन पीने के पानी को परेशान है। ग्राम पंचायत की नल जल योजना पिछले करीबन 15 वर्षों से लगातार बंद पड़ी हुई है। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायतों द्वारा हेडपंप के सामने लीज पिट का निर्माण इस उद्देश्य को लेकर कराया गया था की हेडपंप का व्यर्थ बहने वाला पानी लीज पिट में पहुंच कर जमीन के अंदर सोखता जाएगा। इस मिशन पर भी सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए थे, लेकिन इसे शासन की अनदेखी कहे या संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही, कि जब हेडपंप ही चालू हालत में नहीं है। हेडपंपो में पानी ही नहीं आ रहा है, तो लीज पिट बनाने का क्या? फायदा ग्राम की बड़ी देवीशीतला माता मंदिर के पास बंद पड़े हेडपंप के आगे बने लीज पिट, एवं श्री पिपरासन माता मंदिर के बगल में बंद पड़ा हेडपंप और श्रीराम मंदिर के सामने वाले बंद पड़े हेडपंप को देखकर इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि जब धार्मिक स्थलों के हेडपंप बंद पड़े हुए हैं तो गांव के अंदर के हेडपंपों के हालात क्या होंगे, लोगों ने हरिभूमि को बताया कि हरिजन मोहल्ला, आदिवासी मोहल्ला मुस्लिम मोहल्ला के लगभग अधिकांश हेडपंप कई महीनो से लगातार बंद पड़े हुए हैं जिससे हम लोगों को पीने के पानी की बहुत परेशानी हो रही है, ग्रामीणों ने शीघ्र ही बंद पड़े हेडपंपों का सुधार कर चालू कराए जाने की मांग की है।

## गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

### भगवानों की दिव्य आगवानी से गूंजा सिंग्रामपुर





### नए जैन मंदिर में नई बेदी स्थापना को लेकर श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंग्रामपुर

गुरुवार का दिन सिंग्रामपुर के लिए अत्यंत शुभ और ऐतिहासिक बन गया, जब नए जैन मंदिर में स्थापित होने वाली भगवानों की प्रतिमाएं जयपुर से पहुंचीं। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा भगवान मुनिसोब्रतनाथ, भगवान आदिनाथ, भगवान महावीर, पदमप्रभु, पुष्पदंत तथा भरत-बाहुबली की भव्य और दिव्य आगवानी गाजे-बाजे और डीजे की धुन के साथ की गई। भगवान की प्रतिमाओं को सुसज्जित रथ में विराजमान कर पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने घर-घर रंगोली सजाकर, पुष्पवर्षा कर और आरती उतारकर भगवान का स्वागत किया। यह शोभायात्रा रानी दुर्गावती तिराहा, पोड़ी तिराहा और बड़ा मंदिर होते हुए नए जैन मंदिर पहुंची। पूरा कार्यक्रम ब्रह्मचारी संजय भैया (मुरैना) के सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ आयोजन को सफल बनाया। ज्ञात हो कि नए जैन मंदिर में 108 मुनि सुधा सागर महाराज के आशीर्वाद से नई बेदी का निर्माण किया गया है, जिस पर इन प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। प्रतिमाओं का निर्माण जयपुर में विशेष शिल्पकारों द्वारा किया गया है। मंदिर प्रांगण पहुंचने के बाद विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम को भजन संध्या और महाआरती के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। पूरे नगर में दिव्यता और श्रद्धा का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सिंग्रामपुर को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

## एएनएम कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को संयुक्त ए.एन.एम. एसोसिएशन संविदा , नियमित कर्मचारी संघ म.प्र. तेंदूखेड़ा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्य खण्ड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बरोनिया को अपनी विभिन्न लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। संघ द्वारा प्रस्तुत प्रमुख मांगों में ए.एन.एम. को पुनः नर्सिंग कैडर में शामिल करना, ए.एन.एम. का ग्रेड पे 3200/- किया जाना, संविदा एफ.ए.एन.एम. कर्मचारियों का नियमित पदों पर संविलियन तथा वेतन विसंगतियों को दूर करना प्रमुख रूप से शामिल हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उक्त मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिससे कर्मचारियों में निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि ए.एन.एम. कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं, इसके बावजूद उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। संघ ने प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान शेख शकीला, अर्पिता रैकवार, नेहा यादव, रुक्मणी पाठकर, विनीता पाल, मंजू कुर्मी, परवीन खान, मालती ठाकुर, गेंदा ठाकुर, रश्मि सेन, माया यादव, उज्जवला पटेल सहित बड़ी संख्या में ए.एन.एम. कर्मचारी उपस्थित रहीं। संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आगामी समय में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## चंद घंटों में खुली चाकूबाजी की गुत्थी, दो आरोपी गिरफ्तार

### त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में किया पेश



**दमोह।** नोहटा थाना क्षेत्र में हुई चाकूबाजी की घटना का पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस के अनुसार 13 मई को प्रार्थी राजेश अहिरवार (निवासी भैंसाधार, थाना नोहटा) की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी तेंदूखेड़ा के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए हिरेपुर सागर नाका चौकी क्षेत्र में गल्ला मंडी सब्जी मंडी के पीछे से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में राघवेन्द्र उर्फ राम अहिरवार (18) एवं राघवेन्द्र उर्फ रघु अहिरवार (25) शामिल हैं। दोनों आरोपी स्थानीय क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक पटैल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सफलता हासिल की। टीम में सउनि माधव प्रसाद राय, नागेंद्र सिंह परिहार, श्रीराम पटेल, प्रधान आरक्षक जितेंद्र, प्रदीप तिवारी, कामता सहित आरक्षक कुलदीप, देशराज, घनश्याम, सचिन कौल और रविशंकर की अहम भूमिका रही। पुलिस की तत्परता से घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की विवेचना जारी है।

### लंबे समय बाद एक मंच पर नजर आए कांग्रेस नेता....

## हटा में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने संगठन प्रभारी ने की बैठक



**हटा।** नगर में हटा विधानसभा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक राय चौराहा स्थित पाठक निवास पर बुधवार को कांग्रेस के संगठन प्रभारी लखन पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई जिसमें खास बात यह रही कि लंबे समय बाद आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर कांग्रेस नेता एकजुट हुए और सभी ने पूरी ताकत के साथ पार्टी और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में संगठन प्रभारी लखन पटेल ने स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया कर संगठन को मजबूत बनाने के मंत्र देते हुए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से मेहनत करने का आव्हान किया। गांव-गांव में लोगो को पार्टी से जोड़कर बैठक करने की बात कही उन्होंने भाजपा पर हमले करते हुए कहा कि बीजेपी ने लोगो को बांटने का काम किया है उन्होंने भगवान तक को बाट दिया है। भाजपा की रीति नीति ही फूट डालो शासन करो की है। आज भाजपा के शासन काल में महिलाएं किसान युवा सब परेशान है। हटा में स्थानीय नेताओं में आपसी तालमेल बनाने आया हूं। हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा और आगामी विधानसभा चुनाव में हटा से कांग्रेस का विधायक बनाना होगा तभी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन पाएगी। उन्होंने कार्यक्रमों में जोश और उत्साह भरने का काम किया । वही इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कांग्रेस पदाधिकारी सोशल मीडिया पर अपना इस्तीफा लिखकर पार्टी छोड़ जाते हैं। यदि किसी को कोई समस्या है तो मुझ से आकर मिले में अपने कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा उपस्थित रहूंगा। लेकिन संगठन में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी। वही पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने कार्यकर्ताओं से कहा हमारा आपका नैतिक दायत्व कांग्रेस को मजबूत बनाना है। नेताओ से गलतियां होती है। कांग्रेस हमारी वर्तमान देश की संस्कृति की समाज की प्रत्येक व्यक्ति की भांति की धाती जो हमारी धरोहर है उसकी हकदार हैं। वसुदेव कुटुम्ब की कांग्रेस की यह संस्कृति है जिन्होंने आज देश के लिए कुछ नही किया वह आज इस देश के मालिक बने बैठे हैं। संगठन विश्वास के ऊपर बनता है सभी को मिलकर कांग्रेस को मजबूत बनाने का कार्य करना है। ब्लॉक अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ ने भी भाजपा पर प्रहार करते हुए बैठक में अपने विचार रखें। इसके अलावा बैठक में उपस्थित नेताओ एवं कार्यकर्ता ने बारी बारी से अपने विचार संगठन प्रभारी के समक्ष रखे। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ, पूर्व अध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदीप खटीक, शहर अध्यक्ष दीपेश मोनू पटेरिया, महेंद्र प्रताप चौधरी, रामनाथ राय, आलोक वर्धन हजारी, गीता तिवारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत नीलू पाठक, प्रीतम पाठक, मथुरा प्रसाद पटेरिया, मुकुंदी विश्वकर्मा, बृजेश गुप्ता, प्रदीप पटेल, कैलाश ताम्रकार, अंजार खान, राजेश यादव विनोद बर्मन, विवेक जैन, महेंद्र राय, भगवानदास कुशवाहा, माधव प्रजापति, जमुना अठया, गोरेलाल अहिरवार, नितिन मिश्रा, राजाराम साहू, हाकम सिंह, नाना देशमुख, हितेंद्र कुर्मी, नरेश पटेल, योगेश सेन, इमरान खान अमन खरे हरिनारायण अहिरवार सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन, मण्डल एवं सेक्टर अध्यक्ष तथा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## समर कैम्प के समापन पर बच्चे हुए पुरस्कृत



**दमोह।** अवकाश के दिनों में भी विद्यार्थी सीखने की प्रक्रिया में संलग्न रहे एवं विद्यालय खोलने के उपरांत उनकी उपस्थिति विद्यालयों में बनी रहे इसके लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा के प्राचार्य आरपी विश्वकर्मा की पहल पर जिले की कुछ विद्यालय विद्यालयों द्वारा शैक्षिक रूप से समर कैंप का आयोजन किया गया,विद्यालयों में विद्यार्थियों में अंतर निहित रचनात्मक को प्रदर्शित करने का अवसर देने के लिए इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया विकासखंड बटियागढ़ अंतर्गत मगरोंन संकुल की शासकीय प्राथमिक शाला कनौरा रामनगर मे शिक्षक शाहिद खान द्वारा लगाए गए समर कैंप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के उच्च माध्यमिक शिक्षक माधव पटेल डीआरजी दिनेश प्यासी, समर कैंप समापन पर विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के खिलौने,ड्राइंग, पेंटिंग,कविता कहानियां का अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों को पारितोषक वितरित किए। प्रधानाध्यापक बिहारी लाल अठया शिक्षक शिक्षक शाहिद खान ने बताया कि जनगणना के दौरान वह प्रगणक के रूप में कार्य कर ही रहे थे इसी दौरान प्राचार्य डाइट के मार्गदर्शन में शाला प्रबंधन समिति एवं जन समुदाय के सहयोग से समर कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। सात दिन तक चले समर कैंप में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों का मार्गदर्शन मिला

## कॉलेज की मांग को लेकर जनसैलाब, मंत्री परमार को सौंपा ज्ञापन

**बनवार।** उच्च शिक्षा की कमी से जूझ रहे बनवार क्षेत्र में आज माहौल कुछ अलग नजर आया। स्थानीय कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जुटे नागरिकों और युवाओं ने एक स्वर में क्षेत्र में शासकीय महाविद्यालय खोलने की मांग उठाई। इस दौरान मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने साफ तौर पर बताया कि बनवार और आसपास के दर्जनों गांवों के छात्र-छात्राओं को कॉलेज की पढ़ाई के लिए दमोह या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। आर्थिक तंगी और दूरी के कारण खासकर छात्राओं की पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर कॉलेज की स्थापना को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया गया। इस मांग को और मजबूती तब मिली जब संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने भी मंच से इसका समर्थन करते हुए बनवार में कॉलेज खोले जाने की आवश्यकता को जायज ठहराया। कार्यक्रम के दौरान सांसद राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर नारायण प्रताप यादव, एसपी आनंद कलादगी, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलफारे और मंडल अध्यक्ष रोहित जैन सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री इंदर सिंह परमार ने जनता की भावनाओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि बनवार में महाविद्यालय की आवश्यकता का परीक्षण कराया जाएगा और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र तक उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। चूंकि परमार स्वयं उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री हैं, ऐसे में उनके आश्वासन के बाद बनवार के लोगों में उम्मीद की नई किरण जागी है कि जल्द ही क्षेत्र को कॉलेज की सौगात मिल सकती है। कार्यक्रम में युवाओं और स्थानीय नागरिकों की बड़ी भागीदारी ने इस मांग को और मजबूत बना दिया।

## जपं जबेरा के तीन ग्रामों में भीषण पेयजल संकट

### जल जीवन मिशन की विफलता, कागजों में चकाचक धरातल पर धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के 3 ग्रामो में इस समय (खेड़ार ,गोलापट्टी, कमता टपरिया )भीषण पेयजल संकट बना हुआ है जल जीवन मिशन की टंकी बिगत दो माह से भरी ही नहीं जा रही इस कारण से तीन गांव में जल जीवन मिशन का पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है जब इस बारे में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने सहायक मैनेजर ओम प्रकाश विश्वकर्मा से बात की उन्होंने कहा लगातार लाइट ना रहने से टंकी नहीं भर पाती हैं जबकि यही टंकी बरसात में भर जाती है ठंड में भर जाती है लेकिन पूरी गर्मी में भर नहीं पाती ऐसा कैसे हो सकता है जल जीवन मिशन की है टंकी शोपीस बनकर रह गई है खेड़ार गांव में दो हैंड पंप चालू है इसी से तीन गांव के लोग पानी का काम चलाते हैं गोला पट्टी कामता टपरिया को चार किलोमीटर पैदल खेड़ार पानी लेने आना पड़ता है।आना पड़ता है क्योंकि गोलापट्टी में एक हैंड पंप है जिसमें पर्याप्त पानी नहीं है ग्राम वासी परसोत्तम यादव द्वारका विश्वकर्मा सलीम खान रामपाल धर्मेंद्र सिंह बीरन यादव प्रवेश यादव बबीता रंजन कल्लू बाई एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने बताया कि केंद्रीय बजट 20 26- 27में जल जीवन मिशन के लिए 67. 670 करोड रुपए की राशि आवंटित की गई है । इसके बाद भी अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पानी की त्राहि त्राहि मची हुई है। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कलेक्टर महोदय दमोह से मांग की है की इन ग्रामों की पेयजल समस्या को तुरंत हल किया जाए। अनयथा समस्त ग्रामवासी, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र वासियों के साथ दमोह कलेक्टर महोदय के यहां जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व शासन प्रशासन का होगा।



## अमजद अली का टेरिटोरियल आर्मी में चयन होने पर हुआ सम्मान

### टेरिटोरियल आर्मी में चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर, ट्रेनिंग पर रवाना होने से पहले मिला जन आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ



किसी भी गांव और क्षेत्र के लिए इससे बड़ा गौरव का क्षण नहीं हो सकता, जब वहां का एक युवा देश सेवा के लिए सेना की वर्दी पहनने की ओर कदम बढ़ाए। ऐसा ही गौरवान्वित पल उस समय देखने को मिला जब क्षेत्र के होनहार युवा अमजद अली के टेरिटोरियल आर्मी में चयन होने पर ट्रेनिंग के लिए रवाना होने से पहले सम्मान एवं शुभकामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अमजद अली का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनका सम्मान किया। पूरे माहौल में गर्व, उत्साह और भावुकता साफ दिखाई दे रही थी। हर किसी की जुबान पर यही बात थी कि गांव का बेटा अब देश की सेवा करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अरविन्द सिंह लोधी ने कहा कि आज के समय में युवाओं का सेना और सुरक्षा सेवाओं की ओर बढ़ना समाज और देश के लिए बेहद सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि अमजद अली ने मेहनत, अनुशासन और संघर्ष के दम पर यह मुकाम हासिल किया है, जो क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। इस अवसर पर महेन्द्र दीक्षित ने कहा कि छोटे गांवों और कस्बों में रहने वाले युवाओं के सपने भी बड़े होते हैं। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो सफलता जरूर मिलती है। अमजद अली ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। मनोहर सिंह लोधी ने कहा कि अमजद अली का चयन केवल उनके परिवार की नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की उपलब्धि है। जब गांव का कोई बेटा सेना में जाता है तो पूरे समाज का सम्मान बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अमजद की सफलता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी और क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करेगी। हाल ही में दीपेश झारिया पिता संतोष झारिया का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में हुआ था, वहीं विकास सिंह पिता झाम सिंह का चयन अग्निवीर के रूप में हुआ। अब अमजद अली के टेरिटोरियल आर्मी में चयन ने क्षेत्र के युवाओं में नया जोश और प्रेरणा भर दी है। ग्रामीणों ने कहा कि यह समय क्षेत्र के लिए गर्व का है, जहां गांव के युवा लगातार सेना और सुरक्षा सेवाओं में चयनित होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सरपंच फरमान खान गुड्डू, भोजराज कोष्टि, हरिश्चन्द्र नामदेव, साबिर, दर्शन, राजा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने अमजद अली को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल प्रशिक्षण की कामना की।

कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन गौरी शोएब पठान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं नागरिकों ने अमजद अली का सम्मान कर उन्हें देश सेवा के इस नए सफर के लिए शुभाशीष प्रदान किया।

### जिले के सभी 15 आयुष अस्पतालों में योग कार्यक्रम नियमित रूप से हो सुनिश्चित कराया जाये: प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मेडिकल कॉलेज और सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज) के कार्य समय सीमा पर पूर्ण हो जाए यहां पर सड़क आदि सभी कार्य त्वरित गति से कराई जाए नगर के दोनों ROB की लाइटें सुधरें और सड़क सुधार का कार्य तत्काल कराया जाए। इस आशय के निर्देश आज प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए 1 इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, विधायक हटा उमा देवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया सहित जिलाधिकारी मौजूद रहे। जिले के प्रभारी मंत्री श्री परमार ने गैसाबाद ब्यारमा नदी पर बने ब्रिज के संबंध में कहा कार्य गति से पूर्ण कराया जाए ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो जाए, उन्होंने झापन ब्यारमा नदी पर बने ब्रिज के संबंध में चर्चा कर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए 1

जिले के प्रभारी मंत्री श्री परमार ने समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे हैं गेहूं, चना, मसूर कि अब तक खरीदी की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों को पैसा समय पर मिले इसमें विलंब कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा खरीदी के बाद अनाज का भंडारण त्वरित रूप से कराया जाए और परिवहन कार्य में तेजी लाई जाए, आवश्यक होने पर अतिरिक्त परिवहन के लिए वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।



जिले के प्रभारी मंत्री ने कहां पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए 16 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, बजट उपलब्ध करा दिया गया है, वांछित कार्य त्वरित गति से कराये जायें। उन्होंने कहा जिले के जिन भी महाविद्यालय में बाउंड्री वॉल की आवश्यकता है, प्रस्ताव दिए जायें राशि मुहैया कराई जाएगी। श्री परमार ने पॉलिटेक्निक और आईटीआई के प्लेसमेंट की जानकारी ली और कहा कि यहां के छात्रों का कहां-कहां पर चयन हुआ है, इसकी जानकारी दी जाये। उन्होंने सोलर ट्रेड प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोलर को बढ़ावा दिया जा रहा है, आने वाले समय में लगभग हर घरों में सोलर का उपयोग बढ़ेगा। अतः जिले में सोलर और प्लंबर की ट्रेनिंग दिलाई जाये इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जायें। प्रभारी मंत्री ने कहा पूरे जिले के महाविद्यालयों के लिए जहां भी फर्नीचर, स्मार्ट क्लास लैब के प्रस्ताव आवश्यक हो दिये जाएं सभी जगह स्वीकृति दिलाई जाएगी। शासन की मंशा महाविद्यालय में बेहतर गुणवत्ता युक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना है, इस हेतु धनराशि की कमी नहीं है।

### काम की क्वालिटी चेक कराए

प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा जिले में कार्यों की क्वालिटी चेक करने के लिए एक कमेटी गठित की जाये जो कार्यों की गुणवत्ता चेक करें और गुणवत्ता सभी कार्यों में सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कार्यों में गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पेंडिंग कामों की समीक्षा की जाए जाए

प्रभारी मंत्री ने कहा जिले की पंचायतों में ब्लॉक बार समीक्षा बैठक आयोजित कर जो कार्य अभी भी स्वीकृति के बाद शुरू नहीं हुए हैं या पेंडिंग है, उनकी समीक्षा कर ली जाये और जो काम अपूर्ण है या शुरू नहीं हुए हैं समीक्षा कर पूर्ण सुनिश्चित कराई जायें।

### सर्वे कराया जाये

प्रभारी मंत्री ने कहा लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी योजना महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही है इन योजनाओं से महिला सशक्तिकरण में आए बदलाव का सर्वे कराया जाये इसके साथ ही उन्होंने कहा जल निगम की योजनायें, स्वास्थ्य विभाग की योजनायें और अन्य इसी तरह की योजनाओं से समाज में आए बदलाव के ऊपर सर्वे कराया जाये और उन्हें अवगत कराया जाए।

### सभी आयुष अस्पतालों में योग कार्यक्रम नियमित हो

प्रभारी मंत्री श्री परमार ने जिला आयुष अधिकारी से कहा कि जिले के सभी 15 आयुष अस्पतालों में योग कार्यक्रम नियमित रूप से हो सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने कहा योग से सारे गांव को जोड़ा जाए ताकि वहां के लोगों को जीवन में बदलाव आये। उन्होंने कहा गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाए जाये। जिले के प्रभारी मंत्री ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री सड़क, लोक निर्माण विभाग ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन सहित अन्य विभागों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध रहे और जिले के प्रत्येक पात्र अधिकारी का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाये, इस हेतु आवश्यक होने पर जिले में जगह-जगह आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कैंप लगाया जायें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की जानकारी लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। संजीवनी क्लीनिक के बारे में भी जानकारी बताया गया आठ संजीवनी क्लीनिक है सभी जगह चल रहे हैं सभी संचालित है चार स्थानों पर चिकित्सक की पदस्थ है।

इस आयोजित बैठक में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पारना जलाशय के संबंध में कहा यह एक महत्वपूर्ण तालाब है इसका प्राक्कलन भेजा गया है इस संबंध में आवश्यक कार्य कर पूर्ण कराया जाये। उन्होंने इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से भी चर्चा की और संयुक्त कार्रवाई के संबंध में दिशा निर्देश दिये। उन्होंने नवीन आरोग्य केंद्र तारादेही के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि शानदार भवन तैयार है, यहां आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जायें। श्री लोधी ने बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कहा कि जहां आवश्यक है हैण्ड पम्पों का संधारण कराया जाए जहां पाइपलाइन बढ़ाने की आवश्यकता है वह भी कराई जाये। उन्होंने कहा लोगों को पानी पिलाना जिम्मेवारी है साथ ही आगामी खरीफ के दौरान खाद की उपलब्धता आदि के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस आयोजित बैठक में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो जल निगम और जल संसाधन विभाग की अलग-अलग बैठक कर उनके कार्यों की पूर्ण समीक्षा की जाये। उन्होंने कहा जिले में जितने भी तालाब है जहां नहरे नहीं है और उनकी आवश्यकता है, उनका निर्माण कार्य के हेतु डीपीआर बनाई जाये सर्वे कराया जाए इससे क्षेत्र के किसानों को भरपूर लाभ मिलेगा। इस आयोजित बैठक में विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा कि जितने भी जलाशय है जहां मरम्मत की आवश्यकता है सुधार आवश्यक है और नहरों की सफाई त्वरित रूप से कराई जाए यह सभी कार्य बारिश के पूर्व करा लिये जाएं।

## प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने गुरुवार को दमोह में आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय मुद्दों से लेकर जिले के विकास कार्यों तक विभिन्न विषयों पर चर्चा की। पत्रकार वार्ता में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी तथा हटा विधायक उमादेवी खटीक, गोपाल पटैल भी उपस्थित थे। पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री ने राष्ट्रीय संकट के समय जनता की भूमिका, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान, आर्थिक स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, पेयजल व्यवस्था, गेहूं उपार्जन, जल संरक्षण, सांदीपनी विद्यालयों और विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से जानकारी साझा की। प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि भारत की ऐतिहासिक परंपरा रही है कि जब भी देश किसी संकट से गुजरा है, तब जनता और सरकार ने मिलकर उसका सामना किया है। उन्होंने कहा कि देश ने युद्ध, आर्थिक चुनौतियों और महामारी जैसे कठिन दौर देखे हैं, लेकिन हर बार जनता की सहभागिता और विश्वास ने देश को मजबूत किया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का उदाहरण देते हुए कहा कि पाकिस्तान युद्ध और खाद्यान्न संकट के समय शास्त्री जी ने "जय जवान, जय किसान" का नारा दिया था तथा देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास रखने की अपील की थी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में आत्मनिर्भरता और संसाधनों की बचत बेहद आवश्यक है। यदि समाज मितव्ययिता और अनुशासन का पालन करे तो सीमित संसाधनों का उपयोग अधिक समय तक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक खर्चों में कमी और स्थानीय संसाधनों के उपयोग से देश आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत हो सकता है।

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी व्यक्तिगत पहल की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों से वे प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक अपने परिसर की बिजली बंद रखते हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य केवल बिजली बचत नहीं, बल्कि एसी और अन्य उपकरणों से निकलने वाली अतिरिक्त गर्मी को कम करना भी है। प्रभारी मंत्री ने सिंगल यूज प्लास्टिक को पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि प्लास्टिक जलाने से निकलने वाली जहरीली गैसें गंभीर बीमारियों, विशेष रूप से कैंसर का कारण बनती हैं। प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि दमोह जिले में चल रहे विकास कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है। गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार पूरी गंभीरता से स्थिति की निगरानी कर रही है। पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री ने गेहूं उपार्जन को लेकर कहा कि सरकार ने 23 मई तक सभी पंजीकृत किसानों से गेहूं खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में बारदाना और वेयरहाउस संबंधी कुछ तकनीकी समस्याएं आई थीं, लेकिन अब उन्हें दूर कर लिया गया है। सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा आवश्यकता पड़ने पर उपार्जन की अवधि आगे बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी द्वारा गत 11 मार्च को हटा आगमन पर पटेरा में महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा के क्रियान्वयन पर माननीय मंत्री श्री परमार ने कहा कि इस संबंध में हमारी विधायक जी से बात हो गई है। मुख्यमंत्री जी जो घोषणा कर गये है उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया जारी है।

जल संरक्षण के विषय पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल संकट से बचने के लिए समाज की भागीदारी आवश्यक है और इसे जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए। पत्रकार वार्ता के अंत में प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति बिजली की बचत, जल संरक्षण, प्लास्टिक त्याग और संसाधनों के संतुलित उपयोग जैसे छोटे-छोटे कदम उठाए, तो देश और समाज दोनों को दीर्घकालीन लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और जनसहयोग ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

## जैन मिलन पटेरा कुंडलपुर शाखा के नवीन पदाधिकारी हुए निर्वाचित



**पटेरा।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर की बैठक नमन मोटर्स हीरो शो रूम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नरेन्द्र जैन बजाज ने की। महावीर बंदना से बैठक का शुभारंभ किया गया।अभी तक शाखा अध्यक्ष रहे नरेन्द्र जैन बजाज को क्षेत्रीय संयोजक एवं पटेरा शाखा का प्रभारी बनाए जाने पर सभी साथियों ने बधाई दी एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी का आभार माना। नवीन सत्र हेतु नवीन कार्यकारिणी के गठन पर विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से राजेंद्र जैन राही को अध्यक्ष बनाया गया। सभी के परामर्श से मंत्री पर राजेंद्र जैन बजाज कोषाध्यक्ष पद पर नीलेश जैन सराफ एवं पच़ार मंत्री पद पर महेश जैन शिक्षक को चुना गया।पूरी कार्यकारिणी एक सप्ताह में सर्व सम्मति से गठित की जाएगी। सभी साथियों ने अध्यक्ष राजेंद्र जैन राही सहित सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी। बैठक में वीर नरेन्द्र जैन बजाज, वीर महेश जैन शिक्षक, राजेंद्र जैन राही, राजेंद्र जैन बजाज, अनिल जैन शास्त्री, गोकुलचंद जैन,कोमलचंद जैन, प्रमोद बड़कुल, राजेश जैन, प्रशांत जैन, ज्ञानचंद जैन , पंकज जैन, नीलेश सराफ, देवेंद्र जैन सहित सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

## जिला जेल में निर्मित डबल स्टोरी बैरक का हुआ लोकार्पण

**दमोह।** जीवन में गलतियों के बाद भी सुधार और पुनर्निर्माण की संभावनाएँ हमेशा बनी रहती हैं। ईश्वर सबको माफ करता है, प्रत्येक व्यक्ति को प्रायश्चित कर समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का अवसर मिलना चाहिए। बंदी गण अच्छे साहित्य पढ़ें, अनुशासित वातावरण में रहें तथा योग को जीवन का हिस्सा बनायें । मानसिक तनाव, पारिवारिक लगाव और निराशा जैसी परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिए सकारात्मक सोच आवश्यक है। इस आशय के विचार प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने आज जेल परिसर में 1.08 करोड़ की लागत से निर्मित डबल स्टोरी बैरक लोकार्पण के दौरान बंदियो को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा जेल को केवल दंड का स्थान नहीं बल्कि सुधार और प्रशिक्षण का केंद्र मानना चाहिए। जेल से बाहर निकलने के बाद समाज में समरस होकर जीवन व्यतीत करें और समाजहित में योगदान देने का संकल्प लें। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार लखन पटेल, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, कविता राय, मंचासीन थे। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कार्यक्रम के दौरान जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि पुराने समय की जेलों और वर्तमान जेल व्यवस्थाओं में काफी बदलाव आया है, अब बंदियों के सुधार और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने जेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर व्यवस्थाएँ उपलब्ध कराने के लिए बधाई दी। साथ ही कहा कि इन सुधारों से कर्मचारियों को भी कार्य करने में सुविधा मिलेगी और जेलों का वातावरण अधिक मानवीय एवं सकारात्मक बनेगा। उन्होने बंदियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज में दोवारा सम्मानपूर्वक जीवन जीने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर मिलना चाहिए। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा आज पहली बार जेल परिसर में आने का अवसर मिला। 'डबल बैरक' निर्माण के उद्घाटन के माध्यम से यह अवसर प्राप्त होना भगवान की कृपा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन और अधिकारियों को कहा कि पुलिस की कलम यदि सही दिशा में चले तो अपराधी को उचित सजा मिलती है। लेकिन कई बार गलत निर्णयों के कारण निर्दोष व्यक्ति भी जेल पहुंच जाता है। सांसद श्री लोधी ने अधिकारियों से अपील की कि निर्णय लेते समय पूरी निष्पक्षता और संवेदनशीलता बरती जाए, ताकि वास्तविक अपराधी को दंड मिले और कोई निर्दोष व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे। पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा शहर के भीतर जेल नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से बात हुई है, वे सहमत भी हैं। प्रशासनिक जरूरतों और बढ़ते शैक्षणिक व शहरी विकास को देखते हुए जेल परिसर की जमीन का उपयोग विभिन्न सार्वजनिक परियोजनाओं के लिए किए जाने की योजना है। उन्होने बताया गया कि के.एन कॉलेज में छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और विस्तार कार्य के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है। वहीं एक्सीलेंस स्कूल विस्तार, सड़क चौड़ीकरण और तहसील ग्राउंड के विस्तार हेतु भी जेल परिसर से जमीन लेने का प्रस्ताव है। योजना के अनुसार परिसर के कुछ हिस्से का आवासीय एवं व्यावसायिक उपयोग कर परियोजना को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाया जाएगा, जबकि नई जेल आधुनिक सुविधाओं के साथ शहर से बाहर विकसित की जाएगी। इस अवसर पर रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, संजय सेन, राघवेंद्र परिहार, संजय यादव, भारत यादव, संतोष रोहित, सुमन उपाध्याय, कुसुम खरे, प्रिंस जैन, मोंटी रैकवार, जुगल अग्रवाल, सोनू यादव, रिंकू गोस्वामी एसडीएम सौरभ गंर्धव, तहसीलदार रॉबिन जैन सहित बड़ी संख्या में बंदीगण मौजूद थे।



## हिनौता सायलो बैग के माध्यम से 7 उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं खरीदी प्रारंभ

**दमोह।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में तहसील हटा अंतर्गत ग्राम हिनौता में सायलो बैग के माध्यम से 07 उपार्जन केन्द्रों के द्वारा गेहूं खरीदी कार्य किया जा रहा है। उक्त सभी 07 केन्द्रों यथा सेवा सहकारी समिति रसीलपुर, करैयाजोशी, मडियादौ, देवडोंगरा, कुण्डलपुर, सोजना, सनकुईया के लिये जिले के जिन कृषकों को हिनौता सायलो बैग में अपनी उपज विक्रय करना सुविधाजनक प्रतीत होता है, ऐसे कृषक कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला दमोह से संपर्क कर अपना स्लाट उक्त सभी 07 केन्द्रों में ट्रांसफर कराकर अपनी उपज सायलो बैग में विक्रय कर सकता है। उक्त आशय की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी ने दी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को कोर्ट से राहत

### देनी पड़ेगी 1500 रुपए बढ़ाकर सैलरी

**हटा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। एक पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए अदालत ने सरकार को निर्देशित किया है कि कार्यकर्ताओं को तत्काल 1500 रुपए बड़ा हुआ वेतन दिया जाए और 6 साल से कम दिया जा रहा वेतन 1500 प्रति माह के हिसाब से एरियर के रूप में प्रदान किया जाए, कार्यकर्ताओं को कोर्ट से इस राहत के मिलने के बाद उन्हें लाखों रुपया सैलरी का एक साथ मिलने की उम्मीद बंध गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता सहायिका यूनियन (सीटू) की हटा ब्लाक अध्यक्ष अनुराधा प्रजापति ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में मानदेय वृद्धि करते हुए 10 हजार रुपए किया था. इसके बाद केंद्र सरकार ने भी डेढ़ हजार रुपए की मानदेय वृद्धि की थी. लेकिन 2019 में राज्य सरकार ने अपने मानदेय में से डेढ़ हजार रुपए कम कर दिए और केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए डेढ़ हजार रुपए उस मानदेय में जोड़ दिया जिसके कारण बढ़ा हुआ डेढ़ हजार रुपए आज तक नहीं मिला। इस संबंध में राज्य सरकार के आला अधिकारीयों और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के बाद भी सुनवाई नहीं होने पर यूनियन ने मामले को हाई कोर्ट के सामने याचिका के रूप में रखा जिसे स्वीकार करते हुए की गई सुनवाई के बाद फैसला 21 अप्रैल 2026 को दिया गया जिसमें काटा गया 1500 रुपया एरियर सहित भुगतान किए जाने और 6 फीसद ब्याज के साथ दिए जाने का आदेश पारित किया है। इस फैसले से प्रदेश भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## अजब धाम फतेहपुर उपतहसील में नहीं बैठते नायब तहसीलदार-पटवारी

### किसानों को 35 किमी दूर बटियागढ़ जाने की मजबूरी

**हटा।** बटियागढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाली उपतहसील अजब धाम फतेहपुर में अधिकारी-कर्मचारियों की अनियमितता के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाखों रुपये की लागत से बनी उपतहसील आज शोपीस बनकर रह गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, उपतहसील में न तो नायब तहसीलदार बैठते हैं और न ही पटवारी। नतीजतन, अजब धाम फतेहपुर सहित आसपास के दर्जनों गांवों के किसानों और ग्रामीणों को छोटे-छोटे राजस्व कार्यों के लिए 30-35 किलोमीटर दूर बटियागढ़ तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।

### दो साल पहले तक थी व्यवस्था

ग्रामीणों का कहना है कि लगभग दो साल पहले तक उपतहसील में नायब तहसीलदार और पटवारी नियमित बैठते थे, जिससे नामांतरण, खसरा-खतौनी जैसे छोटे काम यहीं हो जाते थे। लेकिन अब अधिकारियों के न आने से व्यवस्था चरमरा गई है।

पूर्व सरपंच देवकी पटेल, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य रामविशाल पटेल, गुड्डू लम्मरदार, विनीत तिवारी, नीरज तिवारी, व्रजेश यादव, गोरी, मुलू यादव, अनंदी यादव, कन्छेदी पाल, आमीन खान, सकील खान समेत ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण किसान परेशान हैं।

### नवागत कलेक्टर से लगाई गुहार

ग्रामीणों ने नवागत कलेक्टर से मांग की है कि अजब धाम फतेहपुर उपतहसील को नियमित रूप से खोला जाए ताकि किसानों और ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए दूर न भटकना पड़े।

इस संबंध में एसडीएम पथरिया नीकेत चौरसिया से बात करने पर उन्होंने कहा कि _"शीघ्र ही उपतहसील में नायब तहसीलदार और पटवारियों को बैठने के लिए निर्देशित किया जाएगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द कदम उठाएगा और उपतहसील फिर से क्रियाशील होगी।

## बगैर चालक के चल पड़ा ट्रक डेढ़ सौ फीट गहरी खाई में गिरा



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत नोहटा थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नोहटा स्थित ब्यारमा नदी पुल के आगे घूंची पुल के समीप ट्रक क्रमांक **UP** 80 **T** 4278 अचानक बिना चालक के ही चल पड़ा और अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे करीब डेढ़ सौ फीट गहरी खाई में जा गिरा। घटना के दौरान सड़क पर अन्य वाहन नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। ट्रक के खाई में गिरने से क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर नोहटा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि चालक ट्रक खड़ा कर कहीं चला गया था। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या ट्रक का हैंडब्रेक नहीं लगाया गया था अथवा कोई तकनीकी खराबी हादसे का कारण बनी। समाचार लिखे जाने तक ट्रक चालक मौके पर नहीं पहुंचा था। पुलिस चालक की तलाश करने के साथ ही घटना के वास्तविक कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमि पूजन



**जबेरा।** विधानसभा क्षेत्र जबरा में इस समय स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में विकास की गंगा बहाई जा रही है। उसी क्रम में गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अंतर्गत मंडल बनवार में जिले के प्रभारी मंत्री इन्द्रर सिंह परमार की उपस्थिति में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 617.7 लाख रुपये की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। वहीं 404.01 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए विकास कार्यों का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति पर्यटन राज्यमत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा सड़क, भवन एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र को नई सौगात मिलेगी। विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।